## दैनिक पंचांग

14 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 05.45 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | वृष | 07.25 बजे से |
| मंगल | मीन में | मिथुन | 09.23 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.36 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | सिंह | 13.53 बजे से |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 16.04 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.15 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृश्चिक | 20.30 ब.से |
| केतु | सिंह में | धनु | 22.46 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 00.51 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | कुंभ | 02.37 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 04.10 बजे से |

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 104 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 00.13 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** शतभिषा 16.06 बजे को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 15.39 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 12.47 बजे तदनन्तर तैतिल 00.13 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 09° 20' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872679 **जूलियन दिन** 2461144.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** सव्वाल **तारीख** 25 **विशेष** सोलर नववर्ष, पुथन्डु, बैसाखी, अम्बेडकर जयंती, भुंजिया एवं अग्नि निरोधक दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

### नील गगन के नक्षत्र

| 3 | 4 | 5 | 8 |
|---|---|---|---|
| 238 | 356 | 159 | 134 |
| 599 | 590 | 366 | 260 |
| 779 | 680 | 799 | 477 |

दिन-788-190

मधुर डे-168-489 मधुर नाइट-

मिलन डे-159-478 मिलन नाइट-

### भविष्यफल

**आज जन्म लिए बालक का फल........**

शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, वैशाख कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय पश्चिमे तिथि, द्वादशी, मंगलवासरे, शत भिषा नक्षत्रे, शुभ योगे, कौलव करणे, कुंभ की चंद्रमा, मृत्यु योग, मेषे रवि त्रिपुस्कर योग, तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ उत्तम फलदायी होगी।

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, सुन्दर, सुशील, कोमल हृदय वाला, स्वाभिमानी, दूध तथा चूने एवं शक्कर का व्यापारी, कुशल लेखक होगा।

**मेष राशि :** धन लाभ, योजना फलीभूत होंगी, कार्य कुशलता से संतोष अवश्य होगा, ध्यान दें।

**वृष राशि :** मनोबल संवेदनशील हो, आशानुकूल सफलता का योग होगा तथा अवश्य ही ध्यान दें।

**मिथुन राशि :** मनोबल उत्साहवर्धक हो, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, ध्यान दें।

**कर्क राशि :** मनोवृत्ति संवेदनशील हो, आशानुकूल सफलता का हर्ष अवश्य होगा, ध्यान दें।

**सिंह राशि :** धन-लाभ होगा, आशानुकूल सफलता प्राप्त होगी, ध्यान दें कार्य बनेंग।

**कन्या राशि :** इष्ट मित्र से मान-प्रतिष्ठा, प्रभुत्व वृद्धि, समय पर सोचे कार्य अवश्य पूर्ण होंगे।

**तुल राशि :** कुटुम्ब की समस्याओं से धन का व्यर्थ व्यय होगा, मानसिक उद्विघ्नता बनेगी।

**वृश्चिक राशि :** आर्थिक योजना पूर्ण होंगी, सफलता के साधन बनें, इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे।

**धनु राशि :** धन लाभ होगा, अधिकारियों से मेल-मिलाप संभव है, हर्ष अवश्य ही बनेगा।

**मकर राशि :** कार्य क्षमता में सुधार होगा, स्थिति नियंत्रण में रखें, स्त्री वर्ग से हर्ष-उल्लास होगा।

**कुंभ राशि :** विशेष कार्य स्थिगित रखें, मानसिक विभ्रम, उद्विघ्नता अवश्य ही बनेगी।

**मीन राशि :** प्रयत्न सफल हों, इष्ट मित्र होंगे, दैनिक कार्यगति में अनुकूलता अवश्य ही बनेगी।

## सबसे बड़ी समस्या है क़र्ज़ा

**क्या करें उपाय -**

बैडरूम के नैऋत्य कोण में उत्तर या पुर्व मुखी अलमारी रखकर उसमें ही अपना पैसा ,प्रोपर्टी के काग़ज़ात और ज़ेवर रखने चाहिए इससे धन की वृद्धि होगी और कर्ज माँगने वाले ज़्यादा परेशान नही करेंगे

इस बात का विशेष ध्यान रखें कि बैडरूम की वायव्य और नैऋत्य दिशा में कोई गेट या खिड़की ना हो अगर हो तो उसे बंद ही रखें

धन आगमन का सम्बन्ध घर की उत्तर दिशा से होता है इसलिए उत्तर दिशा मध्य में, मुख्य द्वार या अण्डर ग्राउंड पानी का टैंक बनाने से भी कर्ज से तुरन्त राहत मिल जाती है

कर्ज की वजह से अगर मकान बेचने की नौबत आ जाये तो तुरन्त घर के नैऋत्य कोण को ऊँचा और भारी करवा देना चाहिए अगर इस दिशा में निर्माण करवाना संभव ना हो तो एक ऊँचा लोहे का एंग्ल या पिल्लर बनवाकर और कुछ ईंटें या भारी सामान रखकर भी इस दिशा के दोष कम किये जा सकते हैं

उत्तर व पुर्व दिशा में भूलकर भी भारी वस्तु न रखें अन्यथा कर्ज, हानि व घाटे का सामना करना पड़ सकता है यदि उत्तर दिशा में ऊँची दीवार बनी है तो उसे नीचा करके दक्षिण में ऊँची दीवार बना दें ,

भूमि का ढलान भी उत्तर ,पुर्व या ईशान दिशा में करने से कर्ज से तुरन्त राहत मिल सकती है।

शनि शुक्र राहु व बुध जैसे ग्रहों के दोष की वजह से क़र्ज़ा बढ़ रहा हो तो इनसे सम्बन्धित वस्तुओं को घर में कम रखें इनका अधिक से अधिक दान करें।

नोट- इन ग़लतियों की वजह से भी मुश्किल हो जाता है क़र्ज़ चुकाना.....

मंगलवार के दिन कभी किसी से उधार नही लेना चाहिए माना जाता है की ये क़र्ज़ बड़ी मुश्किल से उतरता है

अपनी अशुभ दिशा में रहने वाले लोगों से कभी भूलकर भी क़र्ज़ा नही लेना चाहिए ( अशुभ दिशा का निर्धारण जन्मपत्री से होता है)

किसी मन्दिर में चढ़ावे पर आया हुआ पैसा या किसी ऐसे व्यक्ति से कभी क़र्ज़ नही लेना चाहिए जिसके पास दुखी और परेशान लोगों के द्वारा धन आता हो।

***गुरु महेश जैन** इंटरनेशनल ज्योतिषाचार्य, अनुष्ठानकर्ता, राणापुर जिला झाबुआ मध्यप्रदेश, 7000098868 9425188009*

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह होने पर शासन करेगा कार्रवाई

**बड़वानी। मप्र शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश में बाल विवाह रोकने के लिए वर्ष 2013 से लाड़ो अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न विभागों के समन्वय से एवं जनसमुदाय को विभिन्न विधियों के माध्यम से बाल विवाह रोकने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस वर्ष भी 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर जिले में आयोजित होने वाले विवाह एवं सामूहिक विवाह की संभावना को देखते हुए कलेक्टर द्वारा समस्त विभागों को निर्देश जारी किए गए हैं तथा एक विशेष रणनीति बनाई गई है। जिसमें अलग-अलग विभागों की जिम्मेदारी तय की गई है।**


फाइल फोटो..

इसके लिए मप्र शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह प्रथा के उन्मूलन के लिए कार्य योजना तैयार की गई है। जिसके तहत आंगनवाड़ी स्तर पर जिस भी परिवार में बच्चों का विवाह तय हुआ है, उनके उम्र की जांच करना, यदि बाल विवाह है तो विधि अनुरूप विवाह की निर्धारित उम्र तक विवाह स्थगित करने के लिए परामर्श देना एवं राज्य द्वारा चलाई जा रही कौशल विकास संबंधित योजनाओं की जानकारी देना। विवााह सेवा प्रदाता टेन्ट हाउस, विवाह पत्रिका प्रिन्टर, बैण्डबाजा, धर्मगुरू, मोलवी एवं समाज के मुखिया आदि को बाल विवााह में सेवा न देने की अपील शामिल है। 20 अप्रैल अक्षय तृतया के अवसर पर आयोजित होने वाले सामूहिक विवाहों में एक भी बाल विवाह न हो, इसके लिए अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में एवं परियोजना अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा पुलिस निरीक्षण की संयुक्त टीम द्वारा भ्रमण कर वर-वधू की उम्र संबंधी दस्तावेजों की जांच की जाएगी। बाल विवाह की स्थिति सें संबंधितों के विरूद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार 18 वर्ष से कम उम्र की बालिका एवं 21 से कम उम्र के बालक का विवाह बाल विवाह माना जाकर कानूनन अपराध है तथा दोषी को 2 वर्ष की सजा तथा 1 लाख रूपए का जुर्माना या दोनों सजाओं का प्रावधान है। बाल विवाह होने की शिकायत 1098, डायल 100 एवं महिला हैल्पलाईन 181 पर की जा सकती है। शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## आदर्श महाविद्यालय में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई

बड़वानी। शासकीय आदर्श महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जा रही है। जिसके अन्तर्गत प्राचार्य डॉ प्रमोद पंडित के मार्गदर्शन में 10 से 14 अप्रैल तक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी परिपेक्ष्य में व्याख्यान संवाद और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। व्याख्यान कार्यक्रम में प्राचार्य ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर भारत रत्न भारत के संविधान निर्माण में उनकी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही। संविधान सभा में संविधान लेखन प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में अभूतपूर्व योगदान रहा। कार्यक्रम में डॉ बीएस मुजाल्दे ने मुख्य वक्ता के रूप में बाबा साहब के जीवन के संघर्ष को रेखांकित किया और विद्यार्थियों को सीखने की प्रेरणा लेने की आवश्यकता को बताया।

**पानसेमल ने सेंधवा ग्रामीण को 37 रनों से हराकर जीता खिताब**

# एसपी के निर्देशन में पुलिस खेल महोत्सव 2026 का समापन




बड़वानी। जिला पुलिस बल द्वारा एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के नेतृत्व व मार्गदर्शन में उत्साह नया खेलें युवा 2026 थीम पर आधारित पुलिस प्रीमियर लीग के सेमीफायनल एवं फायनल मुकाबले उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुए। जिले के 16 थानों एवं डीआरपी लाईन की टीमों के मैच हुए। पहला सेमीफायनल मैच पलसूद एवं पानसेमल के बीच खेला गया। जिसमें पानसेमल की टीम विजेता रही। दूसरा सेमीफायनल वरला एवं सेंधवा ग्रामीण के मध्य हुआ। जिसमें सेंधवा ग्रामीण की टीम विजेता रही। फायनल मुकाबला पानसेमल और सेंधवा ग्रामीण के बीच खेला गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेंद्र कुमार जैन ने एसपी पद्मविलोचन शुक्ल की मौजूदगी में टॉस उछालकर मैच का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट एलडी सोलंकी व न्यायाधीश श्रीमती रेखा आर चंद्रवंशी, मानवेंद्र पवार, महेंद्र सिंह रावत श्रीमती राजश्री भार्गव, पुष्पेंद्र भार्गव, अमूल मंडलोई सहित केंद्रीय जेल अधीक्षक शेफाली तिवारी, राजपत्रित अधिकारी पुलिस, थाना प्रभारी, अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य अतिथि उपस्थित रहे। फायनल में पानसेमल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 37 रनों से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। इस आयोजन में जन सहयोग भी मिला। मैच में अम्पायर की भूमिका कालीचरण तिवारी, राजा परिहार, विक्रम सिसोदिया एवं गितेश यादव ने निभाई। जबकि खेल प्रशिक्षक के रूप में श्रीमती ललिता रोकेडे एवं मढ़ी सोलंकी सहित मीडिया कर्मियों, पत्रकारों अधिवक्ता, वन विभाग, जेल विभाग, अन्य विभागों तथा टीमों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेंद्र कुमार जैन, अन्य न्यायाधीश, एएसपी धीरज बब्बर की उपस्थिति में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन के संचालन एवं प्रबंधन में थाना प्रभारी बलजीत सिंह बिसेन व प्रधान आरक्षक जगजोत सिंह चौहान का सहयोग रहा। वहीं रक्षित निरीक्षक चेतन सिंह बघेल व सूबेदारों ने भी सहयोग किया।



# खेतिया नगर परिषद की साधारण सभा में 18.54 करोड़ का बजट सर्वसम्मति से पारित

**प्रशांत सिरसाठ इन्दोर समाचार खेतिया**

**खेतिया। नगर परिषद की साधारण सभा का आयोजन 10 अप्रैल 2026 को परिषद के सभागृह में किया गया। जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 18 करोड़ 54 लाख 80 हजार रूपए का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। प्रस्तुत बजट में समान राशि को आय के रूप में दर्शाया गया। जबकि 18 करोड़ 54 लाख 50 हजार रूपए संभावित व्यय के रूप में प्रस्तावित किए गए। इस प्रकार कुल 30 हजार रूपए की बचत भी दर्शाई गई।**

बैठक में कर एवं शुल्क से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी पार्षदों ने एकमत से निर्णय लिया कि आम नागरिकों पर किसी भी प्रकार के करों में वृद्धि नहीं की जाएगी। बैठक की शुरुआत प्रातरू 11 बजे हुई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष दशरथ आनंदा निकुम, उपाध्यक्ष चेतन सुरेशचंद्र संचेती, पार्षद श्रीमती ज्योति कमलेश राजपूत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) ईश्वर महाले तथा नवनियुक्त एल्डरमेन श्याम रमणलाल हरसोला, कृष्णा बलराम निकुम, हेमेन्द्र देवराम सोनी एवं श्रीमती स्मिता कपिल शाह उपस्थित रहे। बैठक के दौरान परिषद के सेवानिवृत्त कर्मचारी आसाराम राठौड़ तथा सफाई संरक्षक बसंतीबाई कमल और सुमनबाई चंदू को सम्मानित कर विदाई दी गई। इसके पश्चात लेखापाल अशोक शर्मा ने बजट प्रस्तुत किया। बजट में करों से प्राप्त आय के साथ राज्य सरकार से मिलने वाले अनुदान को भी शामिल किया गया है। वहीं व्यय मदों में स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, शहर सौंदर्यीकरण तथा विभिन्न विकास कार्यों पर खर्च का प्रावधान किया गया है। बैठक में बजट के अलावा स्वच्छता, पेयजल, स्टेशनरी, निर्माण एवं विकास सहित अन्य एजेंडा बिंदुओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

**जिला जल अभावग्रस्त घोषित**

# पेयजल एवं निस्तार के अतिरिक्त अन्य जगह पानी का उपयोग रहेगा प्रतिबंधित

बडवानी। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिले में विगत वर्षों में कम वर्षा होने के कारण भू-जल स्तर में आशानुरूप वृद्धि नहीं हुई है तथा आगामी ग्रीष्म में और अधिक गिरावट होने की संभावना है। जिससे ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने की स्थिति का उल्लेख करते हुए जिले में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में निजी नलकूपों के खनन पर तत्काल प्रभाव से 15 जुलाई तक पूर्णतरू प्रतिबंधित किया है। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने मप्र पेयजल परिरक्षण (संशोधित) अधिनियम 2002 के अंतर्गत अन्य आदेश होने तक सम्पूर्ण जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित कर जल स्त्रोतों कुए, तालाब, नदी, हैण्डपम्प, ट्यूबवेल से पेयजल एवं निस्तार के लिए जल के उपयोग को छोड़कर अन्य उपयोग के लिए प्रतिबंध आदेशित किया है। जिले में प्राकृतिक रूप से (नर्मदा नदी को छोड़कर) बहने वाली नदी-नालों तथा तालाबों में उपलब्ध पानी एवं भूमि सतह के नीचे पानी का घरेलू उपयोग एवं पशु धन के रख-रखाव के प्रयोजन के अतिरिक्त पानी की निकासी को पूर्णतरू प्रतिबंधित किया है। उक्त अधिनियम में उपबंधित नियमानुसार अपने क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अनुमति के बिना तथा पूर्व से स्थापित नलकूप की 150 मीटर की त्रिज्या में कोई भी नलकूप खनन नहीं करा सकेगा। बिना अनुमति अवैध उत्खनन के मामलों में उक्त अधिनियम में उपबंधित नियमानुसार अपने क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्रवाई करेंगे।

# आदर्श महाविद्यालय में प्रधानमंत्री का संबोधन लाइव प्रसारण

**बड़वानी। शासकीय आदर्श महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत विज्ञान भवन दिल्ली से प्रधानमंत्री के नारी शक्ति वंदन समारोह में दिए गए उद्बोधन का प्रसारण दिखाया गया। पंचायत से पार्लियामेंट तक निर्णय में नारी नवभारत की तैयारी इस थीम पर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए आयोजित विशेष सत्र और इसकी आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए।**



महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि उक्त कार्यक्रम महिला प्राध्यापक और छात्राओं को विशेष रूप से समर्पित रहा। आधी आबादी को अपने हक दिलाने की दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। हम सबकी यह जिम्मेदारी है कि हम महिला सशक्तिकरण राजनीतिक आर्थिक सामाजिक स्तर पर स्थापित हो इसे के लिए प्रयास करें। महाविद्यालय नारी सशक्तिकरण की दृष्टि से विविध प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों में छात्राओं की अधिकतम सहभागिता के माध्यम से अग्रसर है। डॉ बीएस मुजाल्दे ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि आवश्यकता है नारी को सशक्त करने की। वह संसद से परिवार तक मजबूत बने तभी हमारा देश सक्षम राष्ट्र होगा। कार्यक्रम का आयोजन डॉ अनिल पाटीदार द्वारा किया गया तथा तकनीकी स्वरूप को डॉ लखन परमार द्वारा संपन्न कराया गया। आभार डॉ दिनेश पाटीदार ने व्यक्त किया। प्रसारण कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना और कॅरियर सेल तथा इतिहास विभाग के विद्यार्थियों की भूमिका रही। बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही। महिला प्राध्यापकों में डॉ सुनीता, डॉ गीतांजलि, डॉ पूजा, डॉ तंजीम शेख, डॉ अंतिमवाला की सहभागिता रही।

## गरमी का पारा बड़ा, बजारों में सन्नाटा

बड़वानी। भट्टी की तरह तपने वाले निमाड़ में गरमी का पारा 40 के आसपास हो रहा है। सुबह 9 बजे से ही गरम हवाओं के थपेड़े शुरू हो जाते हैं। जो शाम तक गरम हवाओं के झोके चलते हैं। सुबह 11 बजे से ही बाजारों में सन्नाटा छाया रहता है। सड़कों पर इक्का-दुक्का ही नज़र आते हैं। किराणा, सराफा, कपड़ा मार्केट भी सूनसान सा हो जाता है। तो कई शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यालयों में भी वरिष्ठ अधिकारी गायब नज़र आते हैं, तो छोटे कर्मचारी भी इक्का-दुक्का दिखते हैं। शाम होते ही नर्मदा तट राजघाट में स्नान हेतु एवं नर्मदा शीतल पेय पदार्थों की दुकानों पर भीड़ जमा रहती है। वहीं ज्यूस सेंटरों पर भी भीड़ जमा रहती है। तापमापी यंत्रों के अनुसार अभी और गरमी बड़ेगी। ज्ञात है कि शहर के चारों तरफ इंदिरा सागर एवं अन्य नहरों का पानी निकलता है। लेकिन वर्तमान में ये नहरें भी सूखी पड़ी है तथा जंगली कटिले पौधों से ढक चुकी है।

## नारी शक्ति वंदन सम्मेलन



बड़वानी। विज्ञान भवन नई दिल्ली में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भूमिका पर उद्बोधन दिया गया। जिसका सीधा प्रसारण नगर पालिका सभागृह में किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कू चौहान, नगर पालिका सीएमओ श्रीमती सोनाली शर्मा, महिला पार्षद श्रीमती निर्मला मालवीया, श्रीमती निशा अमित उपाध्यक्ष, एल्डरमैन श्रीमती जया शर्मा, श्रीमती सुनीता तोमर एल्डरमैन कुक्षी, नगर पालिका महिला कर्मचारी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

# किसान घर बैठे मोबाईल से बुक कर सकेंगे

बड़वानी। जिले के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। अब खाद खरीदने के लिए समितियों या दुकानों के बाहर घंटों लाईन में नहीं लगना पड़ेगा। अब किसान घर बैठे अपने मोबाईल फोन से ई-टोकन बुक कर सकेंगे। इसके जरिए किसान को चुने गए विकल्प के स्थान पर खाद तुरंत मिलेगी। ई-विकास प्रणाली के तहत खाद का ई-टोकन जनरेट होगा। सहकारी समितियों के सदस्यों को समिति से खाद का वितरण होगा। वहीं जो किसान समिति सदस्य नहीं हैं, उन्हें भी टोकन जारी होगा।

**खाद के लिए ई-टोकन, तीन दिन रहेगा- टोकन जनरेट करने के दौरान किसानों को चुने गए विकल्प पर मिलेगा खाद**

इसी टोकन के जरिए निजी दुकानदार एवं नकद विक्रय केंद्र से खाद तुरंत मिलेगी। समिति के सदस्य, गैर सदस्य, बटाईदार, किसी ट्रस्ट या मंदिर को दान में मिली जमीन पर किसानी करने वाले सभी किसानों को भी खाद ई-टोकन के जरिए ही मिलेगी। पोर्टल पर सभी तरह के विकल्प मिलेंगे। अपनी पात्रतानुसार किसान को विकल्प का चयन करना होगा। पात्रतानुसार ही किसानों को खाद आसानी से उपलब्ध होगी। किसानों को खाद के टोकन के लिए ई-टोकन या ई-विकास प्रणाली पर जाना होगा। किसानों को विकल्प का चयन करना होगा कि कहां से खाद मिलेगा। मोबाइल फोन से पोर्टल पर टोकन जनरेट करेंगे। समिति सदस्यों को संबंधित समिति के स्टॉक की जानकारी के साथ उन्हें मिलने वाली निर्धारित मात्रा का 50 प्रतिशत आवंटन जारी होगा। इस टोकन को दिखाते ही उन्हें खाद मिलेगा। वहीं गैर सदस्यों को नजदीकी निजी क्षेत्र की दुकान की जानकारी उपलब्ध होने के साथ निर्धारित मात्रा अंकित वाला टोकन मिलेगा। वर्तमान में जिले में ई-विकास प्रणाली के माध्यम से 634 टोकन से 254 मे टन उर्वरक वितरण किया गया है। जिले के समस्त किसानों से अनुरोध है कि फॉर्मर रजिस्ट्री/फॉर्मर आईडी बनवाने के लिए क्षेत्र के पटवारी या लोकल युथ से सम्पर्क कर फॉर्मर आईडी बना ले। फॉर्मर रजिस्ट्री बनने पर किसान ई-विकास पोर्टल पर ई टोकन स्वयं, सीएससी सेंटर, एमपी ऑनलाईन आदि स्थान से जारी कर उर्वरकों का अग्रिम भंडारण कर ले, ताकि भविष्य में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।